21.01.23_21.01.23.qxd 1/21/2023 12:30 AM Page 1


# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

शनिवार

21 जनवरी 2023

डिजिटल संस्करण




ब्रांडेड प्रोडक्ट के रैपर में बेचा जा रहा था नकली सामान, धंधेबाज फरार 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## 17 राज्यों के 56 बहादुर बच्चों को मिला वीरता पुरस्कार



बाल अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन भारतीय बाल कल्याण परिषद ने शुक्रवार को 17 राज्यों के 56 बहादुर बच्चों को वीरता पुरस्कार से नवाजा। संगठन ने 2020 के लिए 22 पुरस्कार विजेताओं को, 2021 के लिए 16 पुरस्कार विजेताओं और 2022 के लिए 18 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। 18 वर्षीय मोहित चंद्र उप्रेती को मार्कंडेय पुरस्कार 2020 दिया गया। उप्रेती ने एक तेंदुए से लड़कर अपने दोस्त की जान बचाई थी। वहीं छत्तीसगढ़ के 16 वर्षीय अमन ज्योति जाहिरे ने एक व्यक्ति को डूबने से बचाया था। ऐसे ही देशभर से कुल 56 बच्चों को वीरता पुरस्कार दिया गया।

## बिहार नगर निकाय चुनाव से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी

**पटना।** बिहार में पिछले महीने हुए नगर निकाय चुनाव को नियम विपरीत बताने वाली याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह के लिए टाल दी। शुक्रवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेके महेश्वरी की पीठ ने मामले की सुनवाई शुरू की जिसमे बिहार सरकार के प्रतिनिधि ने कोर्ट को याचिका का जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। कोर्ट ने अनुरोध स्वीकारते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिए टाल दी। बिहार में निकाय चुनाव पहले ही दो चरणों में 18 दिसंबर और 28 दिसंबर को चुनाव हो गया है। लेकिन निकाय चुनाव में अति पिछड़ा वर्ग को उचित आरक्षण नहीं देने की बात कही गई है। इसे लेकर पहले अक्टूबर में होने वाले चुनाव पर पटना हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुनाव को नियम विपरीत बताया गया है. हाईकोर्ट ने कहा था कि अति पिछड़ा वर्ग के लिए 20% आरक्षित सीटों को जनरल कर नए सिरे से नोटिफिकेशन जारी करें। लेकिन निर्वाचन आयोग की तरफ से बस चुनाव की तिथि को बदला गया. इसके अलावा किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

### समाधान यात्रा: नीतीश कुमार ने नालंदा जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा

# सीएम बोले... रेलवे का अलग से हो बजट, युवाओं को मिले नौकरी

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को समाधान यात्रा के क्रम में नालंदा जिले का भ्रमण कर विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने नालंदा जिलान्तर्गत प्रखंड रहुई के सुपासंग पंचायत स्थित उफरौल ग्राम का भ्रमण कर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना क्लस्टर, धूसर जल प्रबंधन इकाई, हर घर पक्की गली नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया। लाभार्थियों के बीच मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना का किट वितरित किया।

सुपासंग पंचायत एवं आसपास के इलाकों को बाढ़ से सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए बांध का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिया कि बांध को मजबूत बनाए रखें इसके दोनों तरफ के पईन को और गहरा करें ताकि जल संग्रहित रहे और उसका उपयोग हो सके। बांध के दोनों तरफ पौधारोपण कराएं। मुख्यमंत्री ने ग्राम मिजार्पुर में भी विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया एवं लोगों की समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने हर घर बिजली, हर घर पक्की गली-नाली, हर घर नल का जल योजना समेत अन्य योजनाओं के संबंध में जमीनी प्रगति देखी।



### युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया

जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पंचायत सुपासंग सरकार भवन के समीप जीर्णोद्धार किये गए तालाब का मुख्यमंत्री ने मुआयना कर तालाब के निचले हिस्से में पौधारोपण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तालाब को और गहरा कराएं ताकि अधिक से अधिक पानी संग्रहित रहे मुख्यमंत्री ने जिले में किये गए मुख्य कार्यों से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। आवास योजना के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने चाबी प्रदान की, साथ ही नि:शक्त जन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने नालंदा के छात्रावासों में नियोजन कैंप के माध्यम से युवाओं को दी गयी नौकरी से संबंधित नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर शुरू

मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मोगलकुआं से रहुई की तरफ जाने वाले पथ का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। बिहार नगर निगम परिसर में बिहारशरीफ स्मार्ट सिटी के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का शिलापट्ट का अनावरण कर मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात प्रधान सचिव आनंद किशोर ने लाइव प्रसारण के जरिए मुख्यमंत्री को इसकी उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। आनंद किशोर ने बताया कि यह बिहार का पहला इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर है जिसने काम करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर, भागलपुर एवं पटना में भी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की जा रही है।

### रेल मंत्री रहने के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं को रेलवे में दिलवायी नौकरी

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग काफी समय से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। इसको लेकर हमलोगों ने कई बार आंदोलन किया है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को अब तक नहीं माना गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की सरकार में रेल मंत्री थे तो हमने रेलवे में काफी तादाद में युवकों को नौकरी दिलवायी थी। हमलोगों ने रेलवे को काफी विकसित किया था। रेलवे में युवाओं को नौकरी मिलनी ही चाहिए। रेलवे बजट पर जब सदन में चर्चा होती थी तो रात भर सदन को चलाना पड़ता था। हम जितने दिन केंद्र सरकार में मंत्री रहे तो बजट के समय रात भर सदन में चर्चा होती थी। रेलवे का काफी महत्व है हमलोग तो चाहते हैं कि रेलवे का बजट अलग से हो। आने-जाने को लेकर एक-एक लोगों को रेलवे में रूचि रहती है। आबादी बढ़ी है तो रेलवे को और आगे बढ़ाना जरुरी है। युवाओं की बहाली होनी ही चाहिए। हमलोग तो चाहते हैं कि पहले की तरह रेलवे का अलग से बजट होना चाहिए। पता नहीं क्या इनलोगों को हुआ कि रेलवे को आम बजट के साथ मिला दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट का जाति आधारित जनगणना पर सुनवाई से इनकार

**पटना।** जाति आधारित जनगणना पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। इसको लेकर लेकर सीएम नीतीश कुमार ने शुक्रवार को नालंदा में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया है, ये सबके हित में है। जाति जनगणना तो केंद्र सरकार का काम है हम तो राज्य में कर रहे हैं। एक-एक चीज की जानकारी होगी तो विकास के काम को बढ़ाने में सुविधा होगी। नीतीश कुमार ने कहा कि जाति आधारित जनगणना तो सभी पार्टियों की सहमति से हो रही है। यह मामला फिर बाद में सुप्रीम कोर्ट चला गया।

## दरभंगा ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान लिपिक के ठिकानों पर विजलेंस का छापा

**केटी न्यूज/दरभंगा**

- 27 लाख रुपया नगद, 10 लाख की ज्वेलरी और जमीन के कागजात बरामद
- आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर निगरानी थाना में दर्ज है मामला

दरभंगा ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान लिपिक सुभाष कुमार के ठिकानों पर विजलेंस ने शुक्रवार को छापेमारी की। इसमें लाखों रुपए की अवैध सम्पत्ति उजागर होने की खबर है। सुभाष के न्यू पंडासराय स्थित घर पर विजलेंस डीएसपी कन्हैया लाल के नेतृत्व में 24 सदस्यीय टीम की ने छापेमारी की। विजिलेंस के डीएसपी कन्हैया लाल ने बताया कि अभी तक उनके पास से 27 लाख रुपया नगद सहित सोना चांदी के ज्वेलरी और जमीन के कागजात व बैंक अकाउंट को बरामद किया है। सुभाष कुमार के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर पटना निगरानी थाना में 4/23 के तहत मामला दर्ज किया गया। विजलेंस डीएसपी कन्हैया लाल ने बताया कि आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर छापेमारी की गई है। इस दौरान 27 लाख रुपए नगद, 10 लाख के जेवरात, 8 बैंक खाते के साथ ही जमीन से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। वहीं उन्होंने बताया कि लिपिक सुभाष कुमार के ससुराल में भी छापेमारी की गई है। पूर्व में उनकी पत्नी पम्मी कुमारी के नाम से उनके आवास पर एक कंपनी चलती थी। लेकिन वहां किसी प्रकार की कोई संपत्ति नहीं मिली है। वहीं उन्होंने कहा कि इनके मॉल पर भी कार्रवाई चल रही है।

## भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष के इस्तीफे पर अड़े पहलवान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच अब विनेश फोगाट ने उपाध्यक्ष दर्शन लाल पर भी गंभीर आरोप लगाया है। शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए विनेश ने कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष पर आरोप लगाया कि उन्होंने भी महिला पहलवान का शोषण किया है और उनके सबूत के तौर पर 30 मिनट का ऑडियो रिकॉर्डिंग है। बृजभूषण सिंह के इस्तीफे की मांग को लेकर पहलवान तीन दिनों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

बृजभूषण सिंह पर एफआईआर को लेकर विनेश ने कहा, सरकार से हमारी बातचीत चल रही है लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो हम निश्चित रूप से सबूत के साथ पुलिस में जाएंगे। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, अंशु मलिक, बजरंग पुनिया और रवि दहिया जैसे स्टार पहलवानों ने आरोप लगाया है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह महिला खिलाड़ियों का शोषण किया है और पहलवानों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है।

## उपेंद्र कुशवाहा से भाजपा नेताओं ने की भेंट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जेडीयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा दिल्ली एम्स में भर्ती हैं। वे शरीर का चेकअप को लेकर गुरुवार को अस्पताल में भर्ती हुए हैं। हाल के दिनों में उपेन्द्र कुशवाहा अपने बयानों को लेकर काफी चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि वे नाराज हैं। राजद के विधायक सुधाकर सिंह व मंत्री चंद्रशेखर पर कार्रवाई की मांग व अपरोक्ष तौर पर उप मुख्यमंत्री बनने की मंशा के बाद राजनीतिक गलियारे में चर्चा तेज है कि वे पार्टी से नाराज हैं। इसी बीच वे पटना से दिल्ली पहुंच गए और एम्स में भर्ती हो गए हैं। इधर, उनका



हालचाल लेने शुक्रवार को बिहार बीजेपी के तीन नेता पहुंच गए। पूर्व विधायक प्रेमरंजन पटेल, संजय टाइगर व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व सदस्य योगेन्द्र पासवान एक साथ पहुंचे। तीनों नेताओं ने उपेन्द्र कुशवाहा का हाल-चाल जाना । अब भाजपा नेताओं का उपेन्द्र कुशवाहा से मिलने को लेकर अलग राजनीतिक चर्चा शुरू हो गई है कि उपेन्द्र कुशवाहा का भाजपा नेताओं से नजदीकी बढ़ती जा रही है।

### बिहार के छात्रों की बढ़ी परेशानी, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने एनटीए से की शिकायत

# जिस दिन मैथ का पेपर उसी दिन जेईई मेन का एग्जाम

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी सेशन की परीक्षा में विद्यार्थियों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। परीक्षा शहर और परीक्षा की तारीख जारी होने के बाद अब 1 फरवरी को बिहार बोर्ड में गणित की परीक्षा है। इसी दिन जेईई-मेन की भी परीक्षा है। इसे लेकर बिहार बोर्ड के हजारों विद्यार्थी दुविधा में हैं। सबसे ज्यादा बिहार बोर्ड के ऐसे विद्यार्थी सामने आ रहे हैं, जिनकी परीक्षा एक फरवरी को है और उसी दिन जेईई-मेन की परीक्षा भी है। बड़ी समस्या ये है कि आखिर वे परीक्षा कैसे देंगे। उनके भविष्य का क्या होगा।



**12वीं बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी टकरा रही हैं:** इसके अलावा कई विद्यार्थी ऐसे भी सामने आ रहे हैं, जिनकी 12वीं बोर्ड की प्रैक्टिकल की परीक्षाएं भी टकरा रही है। ऐसे में यदि विद्यार्थी का परीक्षा केन्द्र दूसरे शहर में होता है तो उसके लिए संबंधित स्कूल में प्रैक्टिकल देना भी संभव नहीं हो सकेगा। तीसरी समस्या ये है कि ज्यादातर विद्यार्थियों के साथ यह है कि उन्हें ऐसे शहर में परीक्षा केन्द्र दिए जा रहे हैं, जिसका उन्होंने परीक्षा केन्द्र के रूप में आवेदन ही नहीं किया था। इन विद्यार्थियों को अब अनचाहे रूप से नए शहर में परीक्षा देने के लिए तैयार होना पड़ रहा है। उपरोक्त समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने एनटीए को ई-मेल और फोन करके शिकायत की है।

### 13 शिफ्टों में जेईई-मेन जनवरी परीक्षा होगी

परीक्षा के स्लॉट के संबंध में जारी किए गए नोटिफिकेशन के मुताबिक जेईई मेन बीई-बीटेक परीक्षा 24, 25, 29, 30 व 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को दो शिफ्टों में सुबह 9 से 12 और दोपहर 3 से 6 संपन्न होगी। यानी बीई-बीटेक की परीक्षा कुल 12 शिफ्टों में करवाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त 28 जनवरी को 3 से 6 की शिफ्ट में बी-आर्किटेक्चर के लिए परीक्षा होगी। इस प्रकार कुल 13 शिफ्टों में जेईई-मेन जनवरी परीक्षा होगी। इस परीक्षा के लिए कुल 9.15 लाख विद्यार्थी रजिस्टर्ड हो चुके हैं। परीक्षा प्रवेश पत्र एक दो दिन में जारी किए जाने की संभावना है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपना परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा स्लॉट की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। हालांकि इसके बाद भी बच्चों को यह टेंशन सता रहा है कि आखिर उनके भविष्य का क्या होगा। कैसे वे परीक्षा देंगे।


डीजिटल संस्करण

संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

वेब पोर्टल : keshavtimes.com

अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ायें

यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर

आपकी समस्याओं का होगा निदान

हमारे रिपोर्टर: गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में

शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर

keshavtimes keshavtimes keshavtimes

सुविचार

केशव टाइम्स
बक्सर, 21 जनवरी 2023



जीयर स्वामी

जो मानव अपने सत्कर्मों पर चलता है उस मानव को कभी भी कष्ट नहीं होता है।



website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## खबरें फटाफट

### मोटर पंप चोरी मामले में दो धराए

**सासाराम।** रोहतास थाना क्षेत्र के तेलकप से पुलिस ने दो आरोपियों को मोटर चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। स्थानीय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तेलकप निवासी चंदन पासवान पिता मुन्नी पासवान, तेलकप निवासी सोनू कुमार पिता मनोज पाल दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं एक आरोपी फरार है। जिसको पकड़ने को ले छापेमारी की जा रही है। बताया गया कि किसान कोठी बीघा निवासी प्रमोद सिंह की मोटर बुधवार की बीती रात चोरों द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया। जहां चोरों द्वारा कुएं पर रखे गटर के सहारे झूलते तीन एचपी के मोटर पंप सेट को चुराने का प्रयास किया। किसान प्रमोद कुमार ने बताया कि सुबह जब खेत पर जाने के पश्चात कबाड़ी वाले दुकान पर गुप्त रूप से छापामारी की।

### दुष्कर्म मामलें में 10 साल सश्रम कारावास

**सासाराम।** जिला व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को दुष्कर्म मामले में 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। जिले के दावथ थाना क्षेत्र में दो साल पूर्व नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम दशरथ मिश्रा की अदालत ने दोषी पाए एक मात्र अभियुक्त गोलु कुमार को दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दावथ के सेमरी गांव निवासी गोलु पर कोर्ट ने एक लाख रुपए का अर्थदण्ड भी लगया है, अर्थदण्ड की राशि नहीं जमा करने पर अभियुक्त एक साल और अतिरिक्त कारावास में रहना होगा। मामले की प्राथमिकी दावथ दाना में दर्ज कराई गई थी। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक हीरा प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त वारदात को दावथ दाथा क्षेत्र में 27 अप्रैल 2021 को अंजाम दिया गया था। 21 माह बाद फैसला आया है।

# सरकार का पूरा ध्यान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर: संजय कुमार सिंह

**केटी न्यूज/पटना**

- क्वालिटी अश्योरेंस, राज्य स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में द्वितीय कॉन्क्लेव का आयोजन
- सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारीयों एवं कर्मियों ने की शिरकत

राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के गुणवत्ता यकीन कोषांग द्वारा द्वितीय क्वालिटी कॉन्क्लेव का आयोजन पटना स्थित उर्जा ऑडिटोरियम में किया गया। इस वार्षिक आयोजन की शुरूआत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों के प्रदर्शन की सराहना करने तथा उन्हें पुरस्कृत करने के उद्देश्य से की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार श्री संजय कुमार सिंह एवं डॉ. सरिता, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी मातृ स्वास्थ्य एवं क्वालिटी अश्योरेंस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस वर्ष की थीम इनोवेशन अर्थात नवाचार रखी गयी है।

कार्यक्रम में राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक के साथ सभी राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, उपनिदेशक, सहायक निदेशक, सलाहकार एवं कर्मी, जिलों से सभी अधीक्षक एवं उपाधीक्षक, सभी क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक, सभी जिला सलाहकार, क्वालिटी अश्योरेंस, सभी जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार, सभी जिला अस्पताल प्रबंधक, शामिल रहे।



मुख्य अतिथि के रूप में डॉ, भावना गुलाटी एवं डॉ. अभिजित ई कुट्टी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, संजय कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है और इस कड़ी में संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार करना इसका प्रमुख अंग है। स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रयास कर रही है कि अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य चिकित्सीय संस्थानों में ढांचागत सुधार के साथ सभी मानकों पर नवीनीकरण हो सके और जनमानस को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधा के लिए राज्य से बाहर का रुख नहीं करना पड़े। क्वालिटी कॉन्क्लेव उसी प्रतिबद्धता को दोहराने और पूरे राज्य को उत्प्रेरित करने का प्रयास है।

### एनक्वास प्रमाणीकरण के लिए 6 से 9 महीने की तैयारी जरुरी

डॉ. अभ्जित ई कुट्टी जो भारतीय सेना में एक सर्जन के रूप में कार्यरत हैं उन्होंने एनक्वास प्रमाणीकरण हासिल करने में केरल राज्य के मॉडल की चर्चा की। उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से प्रमाणीकरण हासिल करने में राज्य द्वारा अपनाये गए विभिन्न चरणों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनकुआस प्रमाणीकरण हासिल करने के लिए कम से कम 6 से 9 महीने की तैयारी जरुरी होती है। इसके लिए जिला से राज्य स्तर तक नियमित समीक्षा कर चीजों पर नजर रखना जरुरी होता है।

**सभी स्वास्थ्य संस्थानों को मिशन मोड में काम करने की जरुरत :** डॉ. सरिता , राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, मातृ स्वास्थ्य एवं क्वालिटी अश्योरेंस ने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों को मिशन मोड में काम करने की जरुरत है। वहीं डॉ. भावना गुलाटी, एसोसिएट प्रोफेसर एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज, हैदराबाद ने कहा कि राज्य एवं जिला स्तर पर सभी स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता मानकों में सुधार पर नजर रखी जानी चाहिए एवं समय समय पर उनकी समीक्षा करनी चाहिए।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के कायाकल्प, लक्ष्य एवं एनक्वास श्रेणियों में स्वास्थ्य संस्थानों को पुरस्कृत किया गया। कायाकल्प के जिला अस्पताल श्रेणी में भागलपुर, मोतिहारी तथा बेगुसराय को पुरस्कृत किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/ रेफरल अस्पताल/ अनुमंडलीय अस्पताल श्रेणी में सीएचसी शाहकुंड, रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में 16 तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर श्रेणी में 9 संस्थानों को पुरस्कृत किया गया। लक्ष्य प्रमाणित 6 जिला अस्पताल समस्तीपुर, अररिया, भागलपुर, सुपौल, किशनगंज तथा मोतिहारी तथा राज्य एनक्वास प्रमाणित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा जिला बेगुसराय को पुरस्कृत किया गया।

राज्य के जिला अस्पतालों के 24/7 क्रियाशीलता एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा के लिए आरंभ किये गए मिशन क्वालिटी ने साकारात्मक परिवर्तन के रूप में उत्प्रेरक का काम किया है। अब सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य प्रतिबद्ध है।

## भोजपुर में पति सहित अन्य पर मारपीट और गला दबाकर हत्या करने का आरोप

# घर में रखे 70 हजार रुपए खर्च करने के विवाद में विवाहिता की हत्या, केस दर्ज

- मृत विवाहिता के भाई की शिकायत पर मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में शुक्रवार की सुबह घर में रखे 70 हजार रुपये खर्च करने के विवाद में एक विवाहिता की हत्या कर दी गयी। मारपीट करने के बाद गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। मृतका भगवतीपुर गांव निवासी राजेश सिंह की 25 वर्षीया पत्नी अनिता देवी थी। उसके पति और चचेरे देवरों सहित अन्य लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। इसे लेकर अनिता देवी के भाई चांदी थाने के जोकटा गांव निवासी गणेश कुमार ने उदवंतनगर थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा शव का



पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचे मृतका के परजिन

पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, गणेश कुमार ने बताया कि उसके जीजा राजेश सिंह ने कमाकर 70 हजार रुपये उसकी बहन अनिता कुमारी के पास रखा था। इसके बाद वह पांच माह के लिए बाहर चला गया। हालांकि उसके जीजा ने घर में खर्च के लिए पैसे नहीं रखा था। उस दौरान उसकी बहन द्वारा घरेलू काम में पैसे खर्च कर दिया गया। उसी विवाद में मारपीट करने के बाद गला दबाकर उसकी बहन की हत्या की गयी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ सकती है। वैसै पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में मारपीट कर व गला दबाने के कारण महिला की मौत होने की आशंका जताई गयी है।

### मायके से विदा कर ले जाने के बाद की गयी हत्या, पुलिस से मिली सूचना



गणेश कुमार ने बताया कि मकर संक्रांति के कुछ दिन पूर्व उसके जीजा बाहर से घर लौटे। वह उसकी बहन से अपने पैसे मांगने लगे। उस उपर उसकी बहन ने कहा कि पैसे खर्च हो गए। उसे लेकर दोनों में विवाद हो गया और जीजा द्वारा उसकी बहन की पिटाई कर दी गयी। झगड़े के बाद बहन मायके आ गयी। हालांकि दो दिन बाद जीजा उसे फिर गांव लेकर चले गए। उसके बाद मकर संक्रांति तक सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच शुक्रवार की सुबह स्थानीय थाना पुलिस द्वारा उनकी बहन की मृत्यु होने की सूचना दी गयी। उस पर वह अन्य परिजनों के साथ उसके ससुराल पहुंचा, तो देखा कि उसकी बहन का लाश जमीन पर पड़ा है। जीजा सहित पूरे परिवार के लोग फरार हैं।

**मां-बाप की इकलौती बेटी थी अनिता, घर में कोहराम :** बताया जाता है कि अनिता देवी अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी। उसके चार भाई हैं। उसे दो पुत्र विशाल, विजेश और दो बेटियां हैं। घटना के बाद उसके मायके में कोहराम मच गया है। मां आशा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### नेशनल हाई-वे निर्माण के लिए सभी एलपीसी को सात दिनों के अंदर निष्पादित करें: डीएम



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में सभा कक्ष में परियोजना एनएच-119डी. सड़क निर्माण कार्य में प्रगति लाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि परियोजना एनएच-119 डी सड़क निर्माण हेतु कुल 566 आवेदन एलपीसी के साथ प्राप्त हुआ है। जिसमें 232 रैयत का मुआवजा भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अंचल अधिकारी, मखदुमपुर, काको, घोषी एवं मोदनगंज द्वारा 188 एलपीसी सत्यापन प्रतिवेदन लंबित है। जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया कि सात दिनों के अंदर एलपीसी का सत्यापन कर जिला भू-अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने लगान निर्धारण एवं रैयतिकरण से संबंधित मामलों को भूमि सुधार उप समाहर्ता को प्रेषित करने को कहा। साथ ही एलपीसी बनाने के पूर्व पूरा सत्यापन सुनिश्चित करें एवं भौतिक सत्यापन करने के पश्चात ही एलपीसी निर्गत करना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर एलपीसी के निष्पादन (स्वीकृत अथवा अस्वीकृत) से संबंधित निर्णय लेना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने संबंधित सभी अंचल अधिकारी को निदेश दिया कि आवेदन प्राप्त करने हेतु लगातार राजस्व शिविर का आयोजन करें एवं उक्त क्षेत्र में सर्वेक्षण कर व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। साथ हीं अमीन/राजस्व कर्मचारी इत्यादि के कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

### नवसेवाश्रम के संस्थापक के जन्म दिवस पर जिले के युवाओं ने किया रक्तदान



**जहानाबाद।** जिले में रक्त की कमी को दूर करने हेतु मातृत्व फाउंडेशन के बैनर तले शहर के युवाओं ने रक्तदान किया। स्थानीय सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 6 यूनिट ब्लड का संग्रह किया गया। मातृत्व फाउंडेशन के संरक्षक शिक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि जिले में रक्त की कमी से किसी भी व्यक्ति की जान नहीं जाएगी। जिले के युवाओं का एक बड़ा समूह रक्तदान हेतु हमेशा तत्पर रहता है। मातृत्व फाउंडेशन के निर्देशक विकाश शर्मा और आदर्श भरद्वाज ने बताया कि इस दिन को रक्तदान शिविर मनाने का उद्देश्य बस जरूरतमंदों को खून उपलब्ध कराना है ताकि खून की कमी से किसी मरीज की जान न जाए और हमारे रक्तदाता के बात करें तो वो हर समय तैयार रहते है और शिविर में सभी हिस्सा लेने वाले सभी रक्तवीरों का मातृत्व फाउंडेशन परिवार आभार वयक्त करता है और जिलेवासीओं से अपील किये है की रक्तदान करने में आपलोग आगे आए। आशुतोष कुमार ने 23वीं, राजीव रंजन 18वीं, अमित कैप्टन, अनुराग कौशल, सोनू कुमार और मोहमंद समविल अंसारी सहित जिले के अन्य युवा शामिल थे। 4 लोगों का स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान नही हो सका। रक्तदान शिविर में आशुतोष कुमार, राजीव रंजन,अमित कैप्टन सहित अन्य युवा शामिल थे। लैब टेकनिसियन राजीव कुमार और डाटा एंट्री ऑपरेटर रितेश कुमार ने रक्त संग्रहित किया।

# खेल रहे किशोर को मारी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड स्थित एक होटल के पास शुक्रवार की शाम इंटर के एक छात्र को गोली मार दी गयी। गोली उसके दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी छात्र संदेश थाना क्षेत्र के कांधरपुर गांव निवासी अशोक कुमार का 17 वर्षीय पुत्र अमन कुमार है। वर्तमान में वह नवादा थाना क्षेत्र के महाराजा हाता में किराये के मकान में परिवार के साथ रहता है। हालांकि घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

छात्र ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह ब्लॉक रोड स्थित होटल के समीप मैदान में अपने दोस्तों संग खेलने गया था। उस दौरान चार बाइक पर सवार मुंह बांधे कुछ लोग आये और आपस में बहस करने लगे। इसके बाद



वे लोग फायरिंग करने लगे। उसे देख सभी दोस्त भागने लगे। तभी उसके दाहिने पैर में गोली लग गयी, जिससे वह जख्मी होकर गिर पड़ा। तब उसके साथियों द्वारा इलाज के लिए लिए उसे अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह अस्पताल पहुंचे और जख्मी छात्र से घटना की जानकारी ली।

# 28 लाख रुपए के साथ आरा के दो युवक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

- रुपए से संबंधित नहीं प्रस्तुत कर सके साक्ष्य

पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल के दिलदारनगर स्टेशन पर आरा के दो युवक 28 लाख नकदी के साथ शुक्रवार को जीआरपी के हत्थे चढ़ गए। इस संबंध में पूछे जाने पर जीआरपी दिलदारनगर चौकी प्रभारी शिवसागर ने बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों के दिशानिर्देश पर रेलवे सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर रेल अपराधियों, तस्करों और संदिग्ध यात्रियों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

उसी दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर बैग लिए दो युवक संदिग्ध नजर आए। उनसे जब



पूछताछ की गई तो कोई माकूल जवाब नहीं दे पाए। संदेह के आधार पर जब बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से 28 लाख रुपये बरामद हुआ। इतनी बड़ी रकम के बाबत पूछे जाने पर दोनों युवकों ने बताया कि वे सोना-चांदी के कारोबार से जुड़े हैं और यह रकम वाराणसी लेकर जा रहे हैं। जब इतनी बड़ी रकम ले जाने के संबंध में अधिकार पत्र मांगा गया तो अधिकार पत्र नहीं दिखाया गया। बरामद रकम की सूचना मोबाईल फोन से आयकर विभाग वाराणसी को देने के बाद आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पकड़ में आये दोनों युवक शनि कुमार पिता शंकर गुप्ता तथा मिहिर कुमार गुप्ता पिता मनोज साह भोजपुर जिला के आरा टाउन थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ला निवासी होने की बात बताई गई।

## हाथीपांव के मरीज अब फाइलेरिया विभाग में प्रभावित अंगों की देखभाल की ले सकेंगे जानकारी

# हाथीपांव मरीजों के लिए एमएमडीपी क्लिनिक की शुरुआत

- सिविल सर्जन तथा जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने किया इसका उद्घाटन

**केटी न्यूज/गया**

हाथीपांव से मरीजों की देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कवायद जारी है. हाथीपांव के मरीजों को अपने प्रभावित अंगों की देखभाल की जानकारी अब जिला स्तर पर एमएमडीपी क्लिनिक से मिल सकेगी। शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर फाइलेरिया विभाग में एमएमडीपी क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह तथा जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक द्वारा इस एमएमडीपी क्लिनिक का



एमएमडीपी क्लिनिक का उद्घाटन करते सिविल सर्जन व अन्य

उद्घाटन संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान जिला संचारी रोग अधिकारी डॉ पंकज सिंह तथा फाइलेरिया विभाग के अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे।

**एमएमडीपी क्लिनिक खोला जाना सकारात्मक पहल:** सिविल सर्जन ने कहा कि हाथीपांव से ग्रसित लोगों के उनके प्रभावी अंगों के देखभाल की जानकारी देने के लिए इस प्रकार के क्लिनिक का खोला जाना एक सकारात्मक पहल है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया को पूरी तरह समाप्त करने दिशा में यह सराहनीय है। इससे जहां हाथीपांव के रोगियों की देखभाल हो सकेगी, वहीं समुदाय में फाइलेरिया के प्रति जागरूकता भी आयेगी। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक ट्रॉपिकल नेगलेक्टेड डिजीज की श्रेणी में आता है। फाइलेरिया से मौत तो नहीं होती लेकिन रोगी के जीवन में एक प्रकार की विकलांगता आ जाती है। इस प्रकार की विकलांगता से वह सामान्य व्यक्ति की तरह नहीं रह पाता। उसकी आर्थिक उपार्जन की शक्ति भी सामान्य व्यक्ति की तुलना में कम हो जाती है। हाथीपांव के मरीजों को उनके प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए एमएमडीपी किट का वितरण भी किया जायेगा।

### मरीजों को दी जाएगी किट प्रयोग की जानकारी

हाथीपांव के मरीजों को नियमित रूप से किट का प्रयोग करना होता है। कई लोग किट का इस्तेमाल ठीक से नहीं करते हैं। जिसके कारण उनकी समस्या बढ़ती जाती है। ऐसे में लोगों को एमएमडीपी किट के प्रयोग की विधि बताने और उनकी काउंसिलिंग करने के लिए एमएमडीपी क्लिनिक खोला गया है। जहां उन्हें किट के प्रयोग का डेमो दिखाया जाता है। मरीजों को बताया जाता है कि किट के प्रयोग के समय पहले पैर पर पानी डाल लें। उसके बाद हांथ में साबुन लेकर उसे खूब रगड़ें और झाग निकालें। जिसके बाद हल्के हांथ से पैर में घुटने से लेकर उंगलियों व तलुए तक साबुन लगायें। जिसके बाद हल्के हाथ से घुटने से पानी डालकर उसे धो लें। जिसके बाद तौलिया लेकर हल्के हाथ से पोंछ लें। ध्यान रहे कि रगड़ना बिल्कुल नहीं है। इसके बाद पैर में जहां पर घाव हो वहां पर क्लोबनी क्रीम लगायें।

### 10 फरवरी से होगा एमडीए अभियान

डॉ. एमई हक ने बताया कि मोरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रीवेंशन क्लिनिक की मदद से हाथीपांव से ग्रसित मरीज यहां आकर अपने पैरों की देखभाल संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आगामी दस फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 14 दिनों का सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान योग्य लाभार्थी को डीईसी और अल्बेंडाजोल का सेवन आशा तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी अपनी मौजूदगी में करायेंगे। वहीं पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्य भी इस अभियान के लिए आवश्यक जागरूकता कार्यक्रमों में सहयोग सुनिश्चित करेंगे।

### भूकम्प सुरक्षा के प्रति फैलाई जाएगी जागरूकता



**जहानाबाद।** डीएम रिची पाण्डेय ने समाहरणालय परिसर से भूकम्प सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर आमजनों को जागरूक करने हेतु चेतना रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। जिले में भूकम्प सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भूकम्प सुरक्षा सप्ताह का आयोजन दिनांक 15 से 21 जनवरी तक मनाया जा रहा है। जिसके तहत आमजनों को भूकम्प के प्रकोप से बचने हेतु आज समाहरणालय परिसर से चेतना रथ को रवाना किया गया, जिसके माध्यम से सभी प्रखंडों में लोगों को जागरूक किया जाएगा। भूकम्प सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर होर्डिंग एवं फ्लैक्स के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। भूकम्प एक आकस्मिक और प्राकृतिक आपदा है, जिसमें व्यापक स्तर पर संरचनात्मक पर्यावरण एवं जान माल की क्षति होती है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को भूकम्प सुरक्षा सप्ताह के दौरान विविध जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। सभी विद्यालयों में 15 से 21 जनवरी तक भूकम्प से निपटने के प्रमुख उपाय विद्यार्थियों को बताया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### छात्रावास के लिए 10 फरवरी तक जमा होगा आवेदन

**बक्सर।** जननायक कपूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास बक्सर में वर्तमान सत्र में नामांकन के इच्छुक छात्र 10 फरवरी तक आवेदन जमा कर सकते है। इस आशय की जानकारी पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग पदाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। नामांकन के इच्छुक छात्र निर्धारित विहित प्रपत्र में पूर्ण भरा आवेदन पत्र 10 फरवरी तक जमा करेंगे। विभाग द्वारा इसकी जानकारी सभी कॉलेजों, इंटर स्तरीय विद्यालय के प्राचार्य व प्रधानाध्यापकों को भी दी गई है। प्राचार्य अपने विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के बीच इसे प्रचारित कर जानकारी देंगे। संबंधित छात्र विशेष जानकारी के लिए जननायक कपूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास, बक्सर के छात्रावास अधीक्षक एवं जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय बक्सर में संपर्क कर सकते अतिरिक्त जानकारी ले सकते हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो जख्मी, एक गंभीर

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा बक्सर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक जख्मी हो गए है। यह दुर्घटना सुबह 11 बजे हादीपुर गांव के पास हुई है। संयोग से उस रास्ते से 102 एंबुलेंस गुजर रही थी। एंबुलेंस चालक ने दोनों युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहा एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया है। जख्मियों की पहचान चौसा बनारपुर के संजीत सिंह उम्र 29 वर्ष तथा सिकरौल के कृष्णा चौधरी उम्र 25 वर्ष के रूप में की गई है। बताया जाता है कि दोनों युवक एक ही बाइक पर बैठ जा रहे थे। हादीपुर गांव के पास विपरित दिशा से आ रही एक टेम्पो से इनकी बाइक में टक्कर हो गई। जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े थे। उसी दौरान एक ट्रैक्टर भी उधर से गुजर रहा था। ट्रैक्टर की चपेट में आने से ही दोनों अधिक जख्मी हो गए।

### रेल ट्रैक मेंटेनेंस में बरती जाएगी सेफ्टी

बक्सर। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल बक्सर डीडीयू रेल प्रखंड के बीते एक माह पूर्व चौसा स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस कार्य में लगी मशीनों के आपस में टकरा जाने की घटना को रेल महकमा ने काफी गंभीरता से लिया है। हालांकि इस घटना में कोई क्षति तो नहीं हुई। लेकिन संरक्षा और सुरक्षा के लिहाज से इस रेल खंड के सभी रेल परिचालन से जुड़े कर्मियों को वरीय परिचालन प्रबंधक हाजीपुर जोन द्वारा सेफ्टी सर्कुलर जारी कर ट्रैक मेंटिनेंस का कार्य के दौरान मशीनों को निर्धारित दूरी के हिसाब से ही कार्य करने का गाईड लाइन जारी किया गया है।

# सीएम ने भी सराहा... सेवानिवृत बिनोद ने ऑर्गेनिक खेती को बनाया हथियार

- दियरांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़े है हजारों किसान
- किसानों को प्रेरित कर आर्गेनिक तरीके से मसाला, फल, फूल, सब्जी तथा अनाज की कराई जा रही खेती

केटी न्यूज/डुमरांव

कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं होते, एक पत्थर तो तबीयत से उछालों यारों...., इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है सिमरी अंचल के आशा पड़री निवासी बिनोद तिवारी ने। उनके पिछले चार सालों की मेहनत का सुखद परिणाम है कि परंपरागत खेती करने वाले किसान अब एफपीओ से जुड़ ऑर्गेनिक खेती कर रहे है। उनके एफपीओ दियरांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड में 782 किसान शेयर धारक है जबकि 1300 से अधिक अन्य किसान भी जुड़े है।

फिलवक्त वे बक्सर तथा औरंगाबाद में ऑर्गेनिक विधि से मसाला, सब्जी, फल, फूल तथा अनाज की खेती करवा रहे है। वे खुद इस एफपीओ के डायरेक्टर है। हर दिन उनके सदस्य किसानों की संख्या बढ़ते जा रही है।

बीते बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाधान यात्रा के तहत कठार आए थे। इस दौरान इस एफपीओ द्वारा ऑर्गेनिक विधि से उत्पादित किए गए मसाले का स्टॉल लगाया गया था। जिसे देख मुख्यमंत्री काफी खुश हुए तथा एफपीओ के डायरेक्टर से देर तक जानकारी लेते रहे तथा अंत में उनकी तारीफ भी की। बिनोद तिवारी ने बताया कि मसालों में ऑर्गेनिक तरीके से उत्पादित हल्दी, धनिया और मिर्ची का उत्पादन किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस एफपीओ द्वारा इस बार धान की तीन किस्मों कतरनी, मंसूरी तथा काला धान का उत्पादन जैविक खाद के सहारे कराया गया है। जबकि कई तरह के फल, सब्जियों तथा फूल का उत्पादन भी हो रहा है। जिससे किसानों की आमदनी बढ़ रही है।



मुख्यमंत्री को आर्गेनिक मसाले को दिखाते बिनोद तिवारी (फाइल फोटो)

### 2019 में किया था एफपीओ का गठन

बिनोद तिवारी भारतीय वायुसेना के टेक्निकल स्टॉफ थे। नौकरी के दौरान ही उन्हें वर्ष 2014 में एफपीओ बनाने तथा आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने का आइडिया आया। उन्होंने केशव टाइम्स को बताया कि पिछले कुछ वर्षो में रसायनिक खादों के अधिक इस्तेमाल से जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर पड़ रही है तथा लोगों का स्वास्थ भी खराब हो रहा है। इन्हीं कारणों से उनका रूझान आर्गेनिक खेती की तरफ बढ़ा।

### किसानों को मिल रही हैं कई सुविधाएं

इस एफपीओ से जुड़े किसानों को समय पर तथा अनुदानित मूल्य पर ऑर्गेनिक खाद, बीज, जैविक कीटनाशक आदि चीजे मुहैया कराई जा रही है। उन्हें अलग अलग खेती के बारे में प्रशिक्षण भी दिलवाया जा रहा है। साथ ही उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि स्वस्थ रहने के लिए आर्गेनिक खेती ही एकमात्र विकल्प है। जिससे किसानों का उत्साह बढ़ा है। यही कारण है कि हर दिन इससे जुड़ने वाले किसानों की संख्या बढ़ रही है।

### सब्जियों को एक्सपोर्ट करने की है तैयारी

बिनोद तिवारी ने बताया कि वे हर दिन नये नये विकल्पों से किसानों की आय कई गुना बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। फरवरी में वे मस्टर्ड आयल बनाना शुरू कर देंगे। जबकि जल्दी ही वे यहां उत्पादित टमाटर तथा अन्य हरी सब्जियों को विदेशों में एक्सपोर्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि टेज्डमार्क तथा एक्सपोर्ट इंपोर्ट का लाइसेंस मिल चुका है। फसाई से भी लाइसेंस लिया गया है। आने वाले दिनों में आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों की किस्मत खुलने वाली है।

## नया भोजपुर में ब्रांडेड सामानों के नकली रैपर, डब्बें व पैकिंग मशीन बरामद

# खुलासा: ब्रांडेड प्रोडक्ट के रैपर में बेचा जा रहा था नकली सामान, धंधेबाज फरार

- गुप्त सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी, मकान मालिक नहीं बता सका किरायेदार का नाम

केटी न्यूज/डुमरांव

नया भोजपुर में ब्रांडेड सामानों के नाम पर नकली सामान बेचने के एक बड़े रैकेट का खुलासा शुक्रवार को स्थानीय पुलिस ने किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर डुमरी रोड के गजरांवा के पास स्थित एक मकान में छापेमारी कर टाटा नमक तथा जैस्मिन तेल के रैपर, खाली डब्बें, पैकिंग मशीन समेत कई अन्य आपत्ति जनक सामान बरामद किए है।

हालांकि पुलिस को देखते ही कारोबारी चकमा दे भाग निकला। जबकि मकान मालिक उसके संबंध में कुछ जानकारी नहीं दे सका। तब पुलिस ने मकान मालिक परवेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की छापेमारी के दौरान वहां सैकड़ो की भीड़ लग गई थी। पहले तो लोगों को लगा कि शराब या मादक पदार्थों के लिए छापेमारी की गई है। लेकिन जब असलियत पता चला तो लोग दंग रह गए। स्थानीय लोगों की मानें तो उन्हें इस बात की भनक नहीं थी कि इस जगह पर ब्रांडेड के रैपर में नकली सामान तैयार किए जा रहे है। पुलिस द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद लोग भौचक रह गए।

**बड़ा सवाल आखिर कौन कर रहा था यह गोरखधंधा :** हालांकि पुलिस के छापेमारी के दौरान इस बात का पता नहीं चल सका कि यह गोरखधंधा करने वाले लोग कौन है तथा कितने दिनों से वे ऐसा कर रहे थे। नया भोजपुर ओपी पुलिस की मानें तो अभी तक मकान मालिक मोहम्मद परवेज द्वारा बताया गया है कि वे मकान को किराए पर दिए थे। हालांकि किरायेदार कौन है तथा कहा का रहने वाला है इसकी जानकारी परवेज पुलिस को नहीं दे पाए।



बरामद किए गए नमक के पैकेट व इनसेट में तेल के स्टीकर

### अनुमंडल में लंबे समय से चल रहा था नकली को असली बनाने का खेल

जानकारों की मानें तो इस जगह पर सिर्फ रैपर व डिब्बे के सहारे बड़ी आसानी से नकली सामानों को असली बनाने का गोरखधंधा चल रहा था। टाटा नमक व जैस्मिन तेल के अलावे कई अन्य सामानों की पैकिंग हो रही थी। इसके लिए बजाप्ते ब्रांडेड सामानों का रैपर का उपयोग किया जा रहा था। इस कारण ग्राहक समझ नहीं पाते थे कि वे असली सामान का उपयोग कर रहे है कि नकली का। जानकारों की मानें तो नकली सामानों का गोरखधंधा करने वाले पिछले कई वर्षों से ग्राहकों का न सिर्फ आर्थिक शोषण कर रहे थे बल्कि असली का दाम देने के बावजूद नकली पदार्थ खाने को मजबूर हो रहे है।

**राजगोला भी है नकली सामानों के खपाने की बड़ी मंडी :** जानकारों की मानें तो नया भोजपुर के अलावे डुमरांव के राजगोला मंडी में भी बड़े पैमाने पर नकली कास्मेटिक सामान, तेल, रिफाईन, दवाई आदि की बिक्री धड़ल्ले से की जाती है। पूर्व में राजगोला में छापेमारी के दौरान डाबर कंपनी के नकली तेल, शहद तथा शहर के कुछ अन्य हिस्सों से नकली दवाईयां बनाने का भंडाफोड़ हो चुका है। वही नकली सामानों के कारोबारी अब शहर के साथ ही आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में भी अपनी मजबूत पैठ बना चुके है।

**केशव टाइम्स करता रहा है आगाह:** बता दें कि केशव टाइम्स पहले भी नकली सामानों की बिक्री पर प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर शासन प्रशासन व ग्राहकों का ध्यान इस गंभीर मुद्दे पर आकृष्ट करा चुका है। शुक्रवार को नया भोजपुर के गजरावा में छापेमारी के बाद केशव टाइम्स की खबर पर मुहर लग गई है।

## एक नजर

### पीएम आवास योजना का लक्ष्य हासिल करने के लिए चलेगा अभियान, बीडीओ ने दिए निर्देश




**डुमरांव।** बीडीओ संतोष कुमार ने शुक्रवार को ग्रामीण आवास सहायकों के साथ बैठक कर पीएम आवास योजना की समीक्षा की। समीक्षा बैठक दौरान बीडीओ ने बारी बारी से सभी आवास सहायकों से उनके पंचायतों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और बताया कि 26 जनवरी तक शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लेना है। उन्होंने लक्ष्य हासिल करने के लिए शत विशेष अभियान चलाने को कहा। मिली जानकारी के अनुसार अबतक प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चयनित सभी 2142 योजनाओं पर चर्चा हुई। जिसमें 92 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर 1900 आवास पूर्ण होने की जानकारी आवास सहायकों द्वारा दी गई। बीडीओ ने 2010 के पहले चयनित आवास योजना के लाभुकों को राहत देते हुए कहा कि ऐसे लाभुक जिनका आवास पूर्ण नहीं हो सका है उसे अपग्रेड कर निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान बीडीओ ने पीएम आवास योजना में बेहतर बेहतर करने वाले मुंगाव, लाखनडिहरा, चिलहरी तथा कोरानसराय पंचायत के आवास सहायकों की तारीफ भी की। जबकि लक्ष्य से पिछड़ने वाले कुशलपुर तथा कनझरुआ के आवास सहायकों के खराब प्रदर्शन के लिए फटकार लगाते हुए निर्धारित समय में लक्ष्य के अनुरूप काम करने को कहा है। बैठक में सभी आवास सहायक, तकनीकी सहायक तथा पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### महाराणा प्रताप जयंती को ले शुरू हुई तैयारी



**केसठ।** आगामी 23 जनवरी को पटना में महाराणा प्रताप स्मृति समारोह का आयोजन होना है। जिसको लेकर चौगाई व केसठ के दर्जनों कार्यकर्ता शुक्रवार को केसठ प्रखंड के स्थानीय केसठ गांव, शिवपुर व नावानगर प्रखंड के गोविंदपुर आदि गांवों का दौरा किया। जिसका नेतृत्व चौगाई निवासी प्रदेश महासचिव सचिव जदयू किसान सहकारिता प्रकोष्ठ सीताराम सिंह ने किया। साथ में प्रखंड प्रमुख केसठ मुन्ना सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, खेवली पंचायत के मुखिया राजीव कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह, चौगाई सरपंच प्रतिनिधि चंद्रमा चौधरी, सुरेश सिंह, सुदर्शन सिंह, अजीत सिंह, रिंकू सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जदयू नेता सीताराम सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप स्मृति समारोह के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हम लोगों को यहां से 22 जनवरी को ही रवाना होंगे। ताकि समय से कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए लोगों से अपील किया गया। साथ ही बताया कि समारोह का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाएगा तथा नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी संजय सिंह द्वारा किया जाएगा।

### अधिकारियों ने चौसा पावर प्लांट का किया निरीक्षण



**बक्सर।** चौसा पावर प्लांट का कार्य शनिवार को एक बार फिर से शुरू हो जाएगा। एसजेवीएन के सीइओ मनोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से पावर प्लांट में निर्माण का कार्य का एक बार फिर शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य 10 जनवरी से बंद है जिसके कारण प्रतिदिन तकरीबन 15 लाख रुपये का नुकसान कंपनी को हो रहा है। कार्य बंद होने की मुख्य वजह मजदूरों में व्याप्त डर तथा कई मजदूरों का काम पर नहीं आना है। लेकिन जिला प्रशासन की तरफ से अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोरख राम के द्वारा प्लांट का निरीक्षण एवं सुरक्षा का आश्वासन दिए जाने के बाद शनिवार से धीरे-धीरे कार्य शुरू हो जाएगा। सीईओ मनोज कुमार ने बताया कि 10 जनवरी को प्रभावित किसानों के द्वारा पावर प्लांट के मुख्य द्वार पर धरना दिया गया था। उसी दिन से कार्य बाधित है। उसके अगले दिन कुछ उपद्रवियों के द्वारा पावर प्लांट के निमार्णाधीन परिसर में घुसकर कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया था, वहीं कार्यकारी कंपनी लार्सन एंड टूब्रो तथा एसजेवीएन कि तकरीबन 25 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान किया गया था। सीईओ ने बताया कि जो भी स्थानीय श्रमिक है वह काम पर नहीं आ रहे हैं। कुछ तो डर का हवाला दे रहे हैं वहीं कुछ यह कह रहे हैं कि उन्हें उपद्रवियों के द्वारा रोका जा रहा है। दूसरी तरफ कुछ असामाजिक तत्व गुरुवार को बाइक पर सवार होकर पावर प्लांट के गेट पर पहुंचे थे, जिन्होंने धमकी भरे लहजे में यह कहा है कि निर्माण कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा।

## संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत, हत्या का आरोप

केटी न्यूज/नावानगर



वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के कुकुरभुंका गांव में एक महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। इस मामले में जहां उसके ससुराल वाले फांसी लगा आत्महत्या करने की बात कह रहे है तो मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

मृतका विमल देवी नावानगर थाना क्षेत्र के मनहथा गांव निवासी स्व कन्हैया राम की पुत्री है। 15 वर्ष पूर्व उसकी शादी कुकुरभुंका गांव निवासी रामलाल राम के पुत्र अनिल राम के साथ हुई थी। दांपत्य जीवन में उसे 14 व 10 वर्ष के दो बच्चें भी हैं। बहरहाल शव को कब्जें में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही स्थानीय पुलिस इस मामले की पड़ताल में जुट गई है। ओपी प्रभारी ने बताया कि मृतका के मायके वालों द्वारा लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

## आज फिर होगी डुमरांव नगर परिषद के ईओ पर लगे आरोपों की जांच

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार पर लगे भ्रष्टाचार, नियमों के विरूद्ध कार्य तथा अवैध निकासी जैसे गंभीर आरोपों की जांच शनिवार को एक बार फिर से की जाएगी। डीएम के निर्देश पर गठित तीन सदस्ययी जांच कमेटि ने गुरूवार को उनपर लगे आरोपों की जांच पड़ताल किया था। लेकिन इस दौरान तीन में से सिर्फ एक शिकायतकर्ता पार्षद सोनू राय मौजूद हो सके थे। जबकि दो अन्य शिकायतकर्ता पूर्व पार्षद धीरज कुमार व आरटीआई कार्यकर्ता रामजी सिंह यादव किन्ही कारणों से उपस्थित नहीं हुए थे। जांच टीम के अगुआ एडीएम किशोरी चौधरी ने गुरूवार को ही दोनों लोगों को पत्र भेज उन्हें शनिवार को जांच टीम के समक्ष सबूतों के साथ आने को कहा गया है। दोनों लोगों द्वारा लगाया गया आरोप बेहद गंभीर है।

पूर्व पार्षद धीरज कुमार अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में ईओ के खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे है। उनका आरोप है कि नगर परिषद में विभागीय निदेशों के विपरित काम किया जा रहा है। भ्रष्टाचार व लूट खसोट चरम पर है। उन्होंने ईओ पर विकास योजनाओं के संचालन में भी भेदभाव तथा मनमानी करने का आरोप लगाया है। इसके समर्थन में उन्होंने कहा है कि उनके वार्ड में जानबूझकर नाली गली का काम नहीं करवाया गया है। ताकी उन्हें जनता का समर्थन नहीं मिल सके। पूर्व पार्षद ने महाकाल मंदिर के पीछे तथा भोजपुर राजवाहा में कूड़ा डंपिंग का भी विरोध किया है। उन्होंने ईओ पर गलत जानकारी देकर अनुमंडल लोक शिकायत को गुमराह की शिकायत भी की है। गौरतलब है कि जांच टीम में एडीएम किशोरी चौधरी के साथ ही डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज व टेज्जरी पदाधिकारी शामिल है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9वीं तिथि को एएनसी जांच के लिए लगाया जाता है शिविर

# आरोग्य दिवस पर प्रसव पूर्व जांच से सुरक्षित मातृत्व को मिल रही गति

- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रोटीन युक्त आहार का सेवन जरूरी

केटी न्यूज/बक्सर

जिले में सुरक्षित प्रसव को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तत्पर है। लेकिन, इसमें अभी गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों के जागरूक होने की जरूरत है। उन्हें समझना होगा कि सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए प्रसव पूर्व प्रबंधन बहुत जरूरी है। इसमें जांच से लेकर सरकारी अस्पतालों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। सदर अस्पताल के साथ-साथ अनुमंडल और पीएचसी स्तर के सरकारी अस्पतालों में भी वैसी तमाम सुविधाएं हैं। साथ ही, आरोग्य दिवस के दिन आंगनबाड़ी केंद्र में भी गर्भवती माता की जांच की जा रही है। जिससे सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिले। आरोग्य दिवस के अवसर पर प्रसव पूर्व जांच से लेकर प्रसव कराने तक की बेहतर व्यवस्था है। सुरक्षित मातृत्व के लिए एएनसी जांच कराना अत्यंत आवश्यक है। एएनसी जांच का उद्देश्य मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। हालांकि, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एएनसी जांच के लिए प्रत्येक माह की 9वीं तिथि को शिविर लगाया जाता है। गर्भवती महिलाएं एएनसी जांच के लिए कभी भी चिकित्सकों से संपर्क कर सकती हैं।

**गर्भधारण से लेकर 12वें सप्ताह तक पहली जांच जरूरी :** सदर प्रखंड के बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया, सुरक्षित मातृत्व को लेकर सदर अस्पताल में बेहतर व्यवस्था है। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व चार जांच होती है। पहली जांच गर्भधारण से लेकर 12वें सप्ताह तक, दूसरी जांच गर्भधारण के 14वें से लेकर 26वें सप्ताह तक, तीसरी जांच गर्भधारण के 28वें से 34वें सप्ताह तक और आखिरी जांच 36वें सप्ताह से लेकर प्रसव होने के पहले तक कराई जाती है। इसे एएनसी जांच कहते हैं। इस जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं को जो भी सलाह दी जाती है, उस पर अमल करने की जरूरत है। इससे सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिलता है। साथ ही, महिलाओं को अपने खानपान पर भी ध्यान रखना होगा। ताकि, वे एनीमिया की चपेट में आने से बचें।




आरोग्य दिवस पर सत्र की जांच करते सदर बीसीएम

### प्रसव को लेकर आवश्यक तैयारी जरूरी

सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया, प्रसव का समय नजदीक आए तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जैसे कि सबसे पहले एम्बुलेंस या फिर किसी गाड़ी वाले का नंबर को पास में रखें। अगर दर्द शुरू हो तो तुरंत गाड़ी वाले को फोन कर बुलाएं। इसके अलावा दो-तीन ऐसे लोगों को तैयार रखें, जो कि जरूरत पड़ने पर रक्तदान कर सकें। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन युक्त आहार का जरूर सेवन करना चाहिए। दूध, अंडा, मछली, मांस के साथ हरी सब्जियों का भरपूर सेवन करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को एक साथ दो जान की परवाह करनी पड़ती है। पौष्टिक और प्रोटीन युक्त आहार लेने से दोनों का ध्यान रखा जाता है। जो गर्भवती महिलाएं मांसाहार का सेवन नहीं करती हैं, उन्हें दूध, हरी सब्जियों और फल के सेवन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

सुविचार

केशव टाइम्स
शनिवार, 21 जनवरी 2023



भागवत गीता

चिंता करने से ही दुख का जन्म होता है, किसी दूसरे कारण से नहीं।



website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## गाजीपुर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजकीय आईटीआई मैदान में विशाल जनसभा को किया संबोधित

# विकास के लिए इवीएम का सही बटन दबाएं: नड्डा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व सीएम योगी ने जिले की जनता को जगाया और कहा कि लोकतंत्र में मत का बड़ा महत्व है। अगर बटन गलत जगह दबेगा तो माफिया राज आ जाएगा और सही जगह दबेगा तो विकास व स्वराज आ जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को राजकीय आईटीआई मैदान में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के समय गाजीपुर का कितना विकास हुआ, मेडिकल कॉलेज, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, वाराणसी-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे और रेल का काफी विस्तार हुआ लेकिन आज वर्तमान सांसद का एक ही काम है कि भाई को जेल से कैसे छुड़ाना है। उन्होने कहा कि आज भारत ब्रिटेन को पछाड़ कर विश्व का पांचवा अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। 2014 से पहले 92 प्रतिशत मोबाइल विदेश से मंगाये जाते थे और अब 97 प्रतिशत मोबाइल भारत में बनता है। एप्पल का आईफोन अब भारत में बन रहा है। दुनिया में भारत सबसे सस्ती और असरदार दवाई बना रहा है। ऑटो मोबाईल्स क्षेत्र में भारत दुनिया में तीसरे नम्बर का वाहन निर्माता देश है। 11 करोड़ 78 लाख किसान सम्मान निधि सीधे किसानों के खाते में भेजी जा रही है। पूरे देश में 220 करोड़ कोरोना रोधी टीका बुस्टर डोज सहित लग चुका है।

आज यूपी हाईवे, रेलवे, इंटरनेट, इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में छलांग लगता हुआ आगे बढ़ रहा है। अखिलेश सरकार में जब मोदी जी केंद्र से पैसा भेजते थे तो उनके कटोरे में छेद था और पैसा कहीं और चला जाता था। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है। गोरखपुर में एम्स, और बीएचयू में एम्स के बराबर सुविधा मिलना शुरू हो गया है। करोड़ों गरीब, शोषित दलितों को पांच किलो अनाज, रसोई गैस, और बिजली चौबिसों घंटा मिल रही है। 12 करोड़ इज्जत घर बनाये गये हैं। 3 करोड़ 60 लाख प्रधानमंत्री योजना के तहत आवास बनाये गये हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 45 लाख आवास बनाये गये हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हर गांवों को सड़क से जोड़ा जा रहा है। आयुष्मान कार्ड और जन आरोग्य योजना के तहत गरीबों का फ्री में इलाज हो रहा है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि गाजीपुर को विकास, बिजली व शांति चाहिए तो कमल खिलाना पड़ेगा।

- गाजीपुर में मेडिकल कॉलेज, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, वाराणसी-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे, रेल का काफी विस्तार हुआ
- अखिलेश सरकार में जब मोदी जी केंद्र से पैसा भेजते थे तो उनके कटोरे में छेद था और पैसा कहीं और चला जाता था
- जनपदवासियों से अपील की कि गाजीपुर को विकास, बिजली व शांति चाहिए तो कमल खिलाना पड़ेगा

### जनपद की पहचान महाराज गाधि व महर्षि विश्वामित्र से है

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का महराज गाधि, बाबा विश्वनाथ, मां गंगा के आर्शीवाद से सिंचित, संतों, ऋषियों, सेवियों की इस पावन धरा गाजीपुर में आगमन पर हृदय की गहराईयों से स्वागत किया। जनपद मुख्यालय अंतर्गत आईटीआई मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यक्रमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जनपद की पहचान महाराज गाधि व महर्षि विश्वामित्र से है। जिसका जिक्र तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में भी की है। महर्षि विश्वामित्र की इस पावन धरा पर आदरणीय प्रधानमंत्री की अनुकम्पा से और जब भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री थे, तब जो मेडिकल कालेज इस जनपद को प्राप्त हुआ है, उसका नाम भी महर्षि विश्वामित्र के नाम पर ही रखा गया है।



### सीएम ने जनपद में किए गए विकास कार्यों का किया जिक्र

योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा जनपद में हुए विकास कार्यो का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार एवं संगठन ने मिलकर जिस प्रकार जनपद में कार्य किया है और जनपद में जो परिवर्तन दिखा है, वह किसी से अछूता नहीं है। एक ओर जहां जनपद में विकास परक योजनाओं का कार्य बिना भेदभाव से किया गया, दूसरी तरफ सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए पेशेवर अपराधियों एवं माफियाओं के लिए किस प्रकार कार्रवाई होनी चाहिए उसका जीता जागता उदाहरण गाजीपुर की धरती बना है। आज हर एक क्षेत्र एवं गांव की कनेक्टिविटी बनी है। पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे बनने से जनपद की कायाकल्प ही बदल गई है। पहले से लखनऊ जाने में 07 से 08 घंटे लग जाते थे। अब मात्र ढाई से तीन घंटे में ही लखनऊ पहुंच सकते हैं। आज आपके पास



अपना मेडिकल कालेज है। पूर्व रेलमत्री (राज्य मंत्री) के कार्यकाल में रेवले की कनेक्टिविटी में प्रगति हुई और साथ-साथ प्रधानमंत्री की अनुकम्पा से दुनिया का सबसे बड़ा रीवर क्रूज भी वाराणसी से गाजीपुर होकर ही डिब्रूगढ के लिए प्रस्थान किया था। इससे यहां के किसानों को जल मार्ग के द्वारा अपना खाद्यान्न भेजने की सुविधा मिलेगी, हर घर नल की योजना हो, हर गरीब को अपना आवास हो, हर गरीब के घर बिजली चमकती हुई दिखाई दे, यह लोक कल्याण एवं सुरक्षा का माहौल केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही सम्भव हो पाया है। इस क्रम को निरन्तरता दे सके, इसी का आह्वाहन करने के लिए आज मैं यहां आया हूॅ। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म मजहब की राजनीति कभी किसी का कल्याण नहीं कर सकती। हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास के मार्ग पर चलते हुए बिना भेद भाव के कार्य किया है और करती रहेगी।

### यूपी में तैयार हो रहा डिफेंस कॉरिडोर

राष्ट्रीय अध्यक्षत एवं मुख्यमंत्री ने ग्राम कुर्था स्थित पवहारी बाबा आश्रम में दर्शन पूजन, बंशीबाजार स्थित होटल नन्द रेजीडेंसी में जनपद के भूतपूर्व सैनिकों के साथ संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होने होटल के एक हाल में सैनिकों को अंग वस्त्र पहना कर सम्मान कर उनसे संवाद भी किया। योगी आदित्यनाथ ने मोदी सरकार और अपनी सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि पिछली सरकार ने वन रैंक वन पेंशन योजना में मात्र 500 करोड़ का फंड रखा था। जबकि मोदी सरकार ने 35 हजार करोड़ का फंड रखा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सेना को अत्याधुनिक हथियारों और उन्नत सिस्टम से लैस करने की दिशा में बहुत तेजी से काम किया है। अटल टनल हो या बॉर्डर पर रोड का काम या फिर सैनिकों की सुरक्षा के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट सब हम बना रहे हैं, यूपी में डिफेंस कॉरिडोर तैयार हो रहा है। इसके साथ ही सेना और सैनिकों के लिए मोदी सरकार कई योजनाओं पर काम कर रही है। देश की सुरक्षा को लेकर भी मोदी सरकार पूरी तरह सजग है।




### कार्यक्रम में शामिल हुए कई मंत्री

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेशचंद्र श्रीवास्तव केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंत्री आयुष विभाग उप्र दयाशंकर दयालू, सांसद बलिया विरेन्द्र सिंह मस्त, सांसद आजमगढ दिनेश लाल यादव, एमएलसी विशाल सिंह चंचल, अध्यक्ष जिला पंचायत सपना सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, पूर्व सहकारिता मंत्री संगीता बलवन्त, पूर्व विधायक अलका राय, सुनीता सिंह, प्रदेश सह प्रभारी सुनिल ओझा, प्रदेश सगठन महामंत्री धर्मपाल, प्रदेश महामंत्री व काशी क्षेत्र प्रभारी सुब्रत पाठक, जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी एडीजी जोन वाराणसी राजकुमार, आई जीके सत्यनारायण, जिलाधिकारी आर्यका आखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सहित समस्त जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मांगों को लेकर मनरेगा मजदूरों ने खोला मोर्चा

- मजदूरों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** स्थानीय ब्लॉक कार्यालय पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शंकर सिंह लालू के नेतृत्व में प्रधानों ने मनरेगा मजदूरों के साथ हाथ में तिरंगा लिए तथा नारा लगाते हुए ब्लॉक कार्यालय रेवती पर पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौंपा।

ज्ञापन में विभिन्न प्रधानों द्वारा हस्ताक्षरित दसौ मांगे प्रस्तुत की गईं जिनमें मनरेगा में नई गाइड लाइन को निरस्त कर पुरानी गाइड लाइन लागू करने, प्रधान गण का वेतन उनके खाते में भेजे जाने, प्रधानों के विरुद्ध फर्जी शिकायतों पर रोक लगाने, विकास कार्यों में उपयोग किए जा रहे सामग्री के मूल्यों का भुगतान बाजार मूल्य के अनुसार किए जाने, प्रधानों के बैठने के लिए ब्लॉक परिसर पर आवास की व्यवस्था किए जाने, सचिव व अभियंताओं द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाने, राशन के दुकानदारों तथा आंगनबड़ी कार्यकताओं के मिलीभगत से बच्चों के राशन व पुष्टाहार के गबन पर रोक लगाने, मनरेगा से हुए कार्य का पक्का आईडी जेनरेट करने तथा उनको कार्य कराने की अनुमति प्रदान किए जाने आदि के संबंध में ज्ञापन लेकर जब प्रधान गण मनरेगा मजदूरों के साथ पहुंचे तो प्रधानों के अनुसार सूचना के बाद भी बीडीओ कार्यालय पर मौजूद नहीं थे। प्रधानों ने कार्यालय के गेट पर ही बैठकर नारेबाजी की। एडीओ पंचायत विनोद पाण्डेय ब्लाक कार्यालय पर पहुंचे जिन्हें ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर वीरेश कुमार तिवारी, अर्जुन चौहान, शिवजी पाठक, उमाशंकर यादव, विजेन्द्र कुमार पाण्डेय व अन्य मौजूद रहे।

## निविदा में हो रहा खेल... डीएम ने बैठाई जांच

- डीएम ने निविदा पर 10 दिनों के लिए लगाई रोक, जांच टीम की गठित

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला पंचायत की ओर से बीते 31 दिसंबर को किए गए करीब 362 कार्यों का टेंडर फिर विवादों में फंस गया है। करीब 10 जिला पंचायत सदस्यों की ओर से बीते 16 जनवरी को की गई शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने 10 दिनों के निविदा खोलने पर रोक लगाते हुए तीन सदस्यीय जांच कमेटी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है और 10 दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। जांच कमेटी में एसडीएम एआर फारुकी, एनआईसी के डीआईओ और वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक) शामिल है।

जिलाधिकारी के आदेश के बाद जिला पंचायत में हड़कंप का माहौल है। जिला पंचायत ने नवंबर 2022 में 362 कार्यों के लिए चार भागों में निविदा निकाली थी। इसमें जिला पंचायत के कुछ बाबुओं ने धांधली कर कथित फर्जी फर्मों के नाम से निविदा डाली दी। इसी बीच दिसंबर 2022 के प्रथम सप्ताह में जिला पंचायत सदस्य अक्षयलाल यादव ने मुख्य सचिव से निविदा निकालने में हुई धांधली की शिकायत की। इसके के बाद मामले की जांच हुई और निविदा को 28 दिसंबर 2022 को




निरस्त कर दिया गया। लेकिन जिला पंचायत के जिम्मेदारों ने खेल करते हुए 31 दिसंबर 2022 को पुराने स्वरूप में ही पुनः निविदा निकाल दिया, जिसके तहत पहली लिस्ट में 122, दूसरी लिस्ट में 127, तीसरी लिस्ट में 106 और चौथी लिस्ट में सात सड़कों के निर्माण व मरम्मत के कार्य शामिल थे। इसके बाद फिर कथित फर्मों के नाम पर टेंडर आवंटित किए जाने का खेल शुरू हो गया। बीते 16 जनवरी को करीब दस जिला पंचायत सदस्यों ने जिपं के जिम्मेदारों द्वारा टेंडर में अनियमित्ता किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की। जिसके बाद जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने निविदा पर रोक लगाते हुए मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है।

**बोले अपर मुख्य अधिकारी :** अपर मुख्य अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जिला पंचायत सदस्यों की शिकायत के बाद मामले की जांच के लिए जिलाधिकारी की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है, लेकिन टेंडर में कोई अनियमितता नहीं की गई है।

### एक नजर

### अज्ञात वाहन ने तोड़ा रेलवे बूम, प्राथमिकी दर्ज



**मऊ।** रतनपुरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे गेट को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए तोड़ दिया, और गेट तोड़ने के बाद वह रसड़ा की तरफ भाग गया। बताया जाता है कि रेलवे फाटक 24बी पर गेटमैन राम अवधेश सिंह की ड्यूटी थी। उन्होंने शुक्रवार की सुबह 3:00 बजे 01025 डाउन ट्रेन को पासिंग कराने के लिए गेट बंद किया था। उसी दौरान तिरपाल से ढकी हुई एक चार पहिया वाहन रेलवे गेट को तोड़ते हुए रसड़ा की तरफ भाग गई। वाहन की टक्कर से रेलवे का बूम गेट टूट गया। गेट मैन राम अवधेश सिंह के तरफ से इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी गई। इसके बाद मौके पर आरपीएफ के जवान भी पहुंच गए तथा राम अवधेश सिंह की तहरीर पर आरपीएफ थाने में अज्ञात वाहन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। उधर टूटे बूम गेट के बाद इमरजेंसी गेट से काम चलाया गया। वहीं, यांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर के गेट की मरम्मत कर दी। गेटमैन ने बताया कि वाहन पर तिरपाल लगा हुआ था। जिसकी वजह से वह नंबर नहीं पढ़ पाया और वाहन गेट को तोड़ते हुए रसड़ा की तरफ भाग गया। संभावना व्यक्त की जा रही है बूम गेट तोड़ने वाला वाहन पशु तस्कर था। संभवतः पुलिस से बचते हुए उसने रेलवे गेट को तोड़कर के भाग गया।

### ओबी वैन के जरिए 30 नमूनों की जांच




**मऊ।** शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ से आई ओबी वाहन (प्रयोगशाला) में जगह-जगह सैम्पलिंग की जा रही है। इसी क्रम में केंद्र के निर्देश पर जिलाधिकारी मऊ अरुण कुमार अंतिम दिन सहायक आयुक्त खाद्य मऊ एसके त्रिपाठी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को मोहम्दाबाद गोहना तहसील के बस स्टैंड, कैलेंडर तिराहा, वलीदपुर, रामनगर मोड़, खुरहट समेत अनेकों स्थानों पर कुल 45 सैंपल लिए गए। जिसमें खोवा के तीन, दूध के दो, मसाला के पांच, री यूजड आयल के पांच लड्डू, पेड़ा, कलाकंद, छेना, बर्फी आदि के 30 नमूने लिए गए। जिसमें से 9 नमूने फेल पाए गए। टीम द्वारा इन स्थानों पर कुल 360 दुकानदारों को जागरूक भी किया गया। प्रयोगशाला वैन के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश राय एवम जयहिंद रहे।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर पिछड़ा वर्ग आरक्षण के लिए बनेगी कमेटी, वार्डवार तैयार होगी सूचना

# निकायों में लागू किए गए आरक्षण का खंगाला जा रहा ब्योरा

- पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व के संदर्भ में समकालिक अनुभाविक गहन जांच रिपोर्ट सौंपेगी कमेटी

**केटी न्यूज/बलिया**




निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर अब जिले में हर निकाय के लिए कमेटी का गठन होगा। इसको लेकर उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इस कमेटी में एडीएम व पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के साथ स्थानीय एसडीएम और संबंधित निकायों के अधिशासी अधिकारी शामिल रहेंगे।

यह कमेटी सभी निकायों के लिए अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व के संदर्भ में समकालिक अनुभाविक गहन जांच एवं अध्ययन करते हुए रिपोर्ट सौंपेगी। कमेटी उपलब्ध रिकॉर्डों, रिपोर्टों, सर्वे और अन्य उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर कुल जनसंख्या में पिछड़े वर्ग के नागरिकों की जनसंख्या के शहरी निकायवार अनुपात तथा उनके पिछड़ेपन के क्रम में अध्ययन करेगी। आयोग के निर्देश के बाद वर्ष 1995 से अब तक निकायों में लागू किए गए आरक्षण का ब्योरा खंगाला जाने लगा है।

**ये लागू किया गया था आरक्षण :** जिले में महिलाओं के लिए तीन, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए दो निकाय आरक्षित किए गए थे। इसके अलावा, जनपद के सात निकायों को अनारक्षित रखा गया था। बलिया नगर पालिका के अलावा नगर पंचायत चितबड़ागांव और सिकंदरपुर को महिला के लिए और बैरिया एवं नव सृजित नगरा नगर पंचायत को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था। इसके अलावा नगर पालिका रसड़ा और नगर पंचायत रेवती, मनियर बासंडीह, बेल्थरारोड और सहतवार व नव सृजित रतसड़ कला नगर पंचायत को अनारक्षित की श्रेणी में रखा है।

**सात दिन में देना होगा अभिमत :** पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर गठित कमेटी की ओर से राजनीतिक प्रतिनिधित्व के संबंध में अनुभवजन्य साक्ष्य एकत्रित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए डीएम की ओर से नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों, पूर्व अध्यक्षों, सदस्यों, जातिगत संगठनों, संस्थानों की ओर से राजनीतिक आरक्षण के संबंध में मत लिए जाएंगे। डीएम इन मतों को आयोग को सात दिन के भीतर उपलब्ध कराएंगे।

**क्या बोले सहायक निर्वाचन अधिकारी:** सहायक निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार मिश्र ने बताया कि आयोग के निर्देश पर निकायों में वार्डवार रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी। इसमें 1995 से लेकर अब तक का रिकॉर्ड निकलवाया जा रहा है। आरक्षण को लेकर लोगों के अभिमत भी शामिल किए जाएंगे।